आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से बारह–बारह सौ रूपये की धनराशि जारी की। यह धनराशि छात्र–छात्राओं के यूनिफार्म, जूता–मोजा, स्कूल बैग और स्टेशनरी की खरीद पर खर्च की जायेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अट्ठासी लाख से अधिक छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के हाथों में यह धनराशि भेजी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद ने बीते सात सालों में नवाचार के अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न शिक्षा परिषदों के एक सौ सत्तर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालों में छात्राओं की संख्या एक सौ बारह रही। इसे लेकर श्री योगी ने कहा कि यह सफलता बताती है कि बेटियों ने लम्बी छलांग लगाई है और बेटी पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थी जिस गांव के मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण इनके नाम पर कराया जायेगा। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह समेत माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, यूजीसी–नेट की नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एजेंसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार कम्प्यूटर आधारित नेशनल कॉमन इंट्रेंस टेस्ट, एनसीईटी परीक्षा दस जुलाई से तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद–सीएसआईआर की संयुक्त यूजीसी नेट परीक्षा पच्चीस जुलाई से सत्ताइस जुलाई तक होगी जबकि जून दो हजार चौबीस के लिये प्रस्तावित यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन इक्कीस अगस्त से चार सितम्बर के बीच किया जायेगा। वहीं, अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा छः जुलाई को होगी।

****

कर्मचारी चयन आयोग, एसएससी के मल्टी टास्किंग स्टाफ, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड और केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में हवलदार के आठ हजार तीन सौ छब्बीस पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस भर्ती के माध्यम से दसवीं पास को नौकरी मिलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी इकतीस जुलाई की रात ग्यारह बजे तक एसएससी की वेबसाइट पर ऑन लाईन आवेदन कर सकते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

****

पासपोर्ट बनवाने या नवीनीकरण के लिये जरूरी दस्तावेजों सहित किसी भी तरह की जानकारी अब आवेदकों को व्हाट्सएप भी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही किसी समस्या या शिकायत के समाधान की सुविधा भी व्हाट्सएप पर प्रारम्भ की गयी है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह के मुताबिक पासपोर्ट विभाग की प्रक्रिया को और सरल बनाने के लिये यह कदम उठाया गया है। आवेदक किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के मोबाइल नम्बर– नौ चार पांच चार शून्य शून्य चार शून्य नौ दो पर अपना मैसेज भेज सकते हैं।

****

प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में पीएम सूर्य घर रूफ टॉप सोलर योजना के प्रति बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलायेगी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण, यूपी नेडा दो करोड़ रूपये की धनराशि व्यय करेगा। दो महीने तक चलने वाले अभियान को लेकर यूपी नेडा की तरफ से प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

****

महान राष्ट्रभक्त महाराणा प्रताप के अनन्य सहयोगी दानवीर भामाशाह की जयंती को आज प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी जनपदों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर के चुनिन्दा व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम स्थलों पर एक जिला एक उत्पाद योजना में चयनित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

****

वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए काशीवासियों को अब अलग द्वार से प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यह सुविधा सावन माह शुरू होने से पहले मिलने लगेगी। इसे लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

****

प्रदेश में मानसून की दस्तक से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। राज्य के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज भी रूक–रूक कर बारिश हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी हिस्सों में अगले दो दिन तक गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है।

****